भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †91
उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026
29 आषाढ़, 1948 (शक)

'माय भारत' और एनएसएस स्वयंसेवी

91. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री लुम्बाराम चौधरी:
श्री रमेश अवस्थी:
श्री तेजस् वी सूर्याः
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:
श्री मितेश पटेल बकाभाई:
डॉ. हेमांग जोशी:
श्री राजकुमार चाहर:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री बिभु प्रसाद तराईः
श्री जनार्दन मिश्रा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 6 जून 2026 को आयोजित 'यूथ फॉर विकसित भारत' सम्मेलन की वैचारिक रूपरेखा क्या है और इस आयोजन के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाले मुख्य लक्ष्य क्या हैं;

(ख) 'माय भारत' और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों की कुल संख्या सहित इस सम्मेलन में भागीदारी का कुल स्तर कितना है;

(ग) इस सम्मेलन के दौरान किन-किन विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया और उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए;

(घ) 'यूथ फॉर विकसित भारत' सम्मेलन के आयोजन से क्या परिणाम प्राप्त हुए और उनसे एक सशक्त 'अमृत पीढ़ी' के निर्माण में किस प्रकार योगदान मिलने की आशा है; और

(ङ) क्या इस संबंध में सरकार द्वारा ओडिशा राज्य में, विशेषकर जगतसिंहपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कोई पहल की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) 6 जून 2026 को आयोजित यूथ फॉर विकसित भारत सम्मेलन की संकल्पना युवाओं को विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन से प्रेरित करने, उन्हें मान्यता प्रदान करने और इसमें सहभागिता करने के लिए एक मंच के रूप में की गई थी। इस सम्मेलन का उद्देश्य माय भारत प्लेटफॉर्म और इसके अवसरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना, राष्ट्र निर्माण की पहलों में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित नेताओं और एचीवर्स के साथ संवाद को सुगम बनाना था। प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल और इसके माध्यम से उपलब्ध स्वयंसेवा, अनुभवजन्य सीख तथा युवा सहभागिता से संबंधित विभिन्न अवसरों के बारे में जागरूक किया गया। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद से प्रतिभागियों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए मूल्यवान सुझाव, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई।

(ख) यूथ फॉर विकसित भारत सम्मेलन में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से माय भारत और माय भारत–एनएसएस स्वयंसेवकों सहित 6,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री, सबसे कम आयु की संसद सदस्य सुश्री मैथिली ठाकुर, प्रतिष्ठित उद्यमियों, खिलाड़ियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर इसकी गरिमा बढ़ाई। इन सभी लोगों ने अपने मूल्यवान अनुभव साझा किए और युवाओं को विकसित भारत के विजन की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

(ग) यंग एचीवर्स को खेल, उद्यमिता, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन और शैक्षणिक उत्कृष्टता की श्रेणियों में सम्मानित किया गया। यह चयन संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उल्लेखनीय योगदान के आधार पर किया गया।

(घ) इस सम्मेलन में युवाओं के अनुकरणीय योगदान को मान्यता प्रदान की गई, युवा सहभागिता को सुदृढ़ किया गया, माय भारत पहलों की पहुंच में वृद्धि की गई तथा राष्ट्र निर्माण में अधिक भागीदारी के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया, जिससे एक सशक्त अमृत पीढ़ी के निर्माण में योगदान मिला।

(ङ) यद्यपि यूथ फॉर विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन ओडिशा राज्य में नहीं किया गया था, तथापि माय भारत अपनी वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत ओडिशा के जगतसिंहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देशभर में विभिन्न युवा विकास पहलों का कार्यान्वयन कर रहा है, जिनमें

विकसित भारत युवा संसद (वीबीवाईपी), जिला स्तरीय विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) क्विज़, फ्यूचर यंग लीडर्स बूटकैंप, नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम तथा अन्य युवा सहभागिता गतिविधियां शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, नागरिक उत्तरदायित्व, लोकतांत्रिक भागीदारी, स्वयंसेवा और सक्रिय सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है, जिससे विकसित भारत के विजन की दिशा में योगदान मिल सके।

*****